





## एक नजर में

### उत्कृष्ट रैंकिंग के लिए तैयारी, कायाकल्प के पहले विशेष टीम ने देखी अस्पताल में व्यवस्थाएं



**शाजापुर, 26 फरवरी.** आगामी शनिवार को कायाकल्प की टीम द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण होगा, जिसमें सब कुछ संतुलित और व्यवस्थित होने पर जिला अस्पताल को उत्कृष्ट रैंकिंग मिल सकती है. इसके लिए गुरूवार कोएक विशेष टीम ने दोपहर 12 से 2 बजे के बीच पूरे परिसर और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया. इस दौरान व्यवस्थाओं में सुधार और गंदगी दूर करने के लिए दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी गई. निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल के बाहर फल बेचने वालों को केवल ताजे फल रखने और अपनी दुकानों के पास डस्टबिन रखने के निर्देश दिए, अस्पताल की बाउंड्री से सटी चाय और नाश्ते की दुकानों पर विशेष सख्ती दिखाई गई, दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि वे बीड़ी, सिगरेट या तंबाकू जैसे मादक पदार्थ बिल्कुल न रखें. अस्पताल के आसपास नशे की सामग्री बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, टीम ने मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों पर स्पष्ट बोर्ड लगाएं कि बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयां नहीं दी जाएंगी, इसके अलावा अस्पताल के सुलभ शौचालयों में साफ.सफाई की कमी पाए जाने पर नाराजगी जताई गई और उन्हें तत्काल दुरुस्त करने को कहा गया.

**उत्कृष्ट रैंकिंग पर प्रबंधन का जोर**

जिला अस्पताल के डॉ. शुभम गुप्ता ने बताया कि कायाकल्प मूल्यांकन के मानकों के आधार पर अस्पताल की स्वच्छता और सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है, अस्पताल प्रबंधन की कोशिश है कि इस बार निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं इतनी पुख्ता हों कि जिला अस्पताल को रैंकिंग में उत्कृष्ट स्थान मिल सके.

### डीआईजी भसीन ने ली पुलिस अफसरों की बैठक, त्यौहारों को लेकर भी की चर्चा



**शाजापुर, 26 फरवरी.** उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन गुरुवार को शाजापुर पहुंचे, उन्होंने एसपी कार्यालय में जिले के सभी बड़े पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली, दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्यौहारों, विशेषकर होली पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करना और सोशल मीडिया पर फैल रही बच्चा चोरी की अफवाहों पर लगाम लगाना था, बैठक में जिले के एसपीए एएसपीए सभी एसडीओपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे. डीआईजी ने निर्देश दिए कि होली और रंगपंचमी का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए, उन्होंने स्पष्ट किया कि त्यौहार के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा, जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें कर समाज के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया जा रहा है ताकि हर तरफशांति बनी रहे, पुलिस बल को निर्देश दिए गए हैं कि वे संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाएं और संदिग्धों पर नजर रखें.

**बच्चा चोरी की अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई**

बैठक में डीआईजी द्वारा सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही बच्चा चोरी की भ्रामक खबरों पर भी गंभीर चर्चा की गई, डीआईजी नवनीत भसीन ने आम जनता से अपील की है कि वे ऐसी किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें और न ही उसे आगे बढ़ाएं, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति गलत जानकारी फैलाकर लोगों को डराने या उकसाने का काम करेगा तो उसके खिलाफतुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने बताया कि अन्य जिलों में भी ऐसे मामलों में पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं, बैठक के बाद डीआईजी ने एसपी कार्यालय के नए बन रहे भवन का भी जायजा लिया. उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और वहां की व्यवस्थाओं को देखा.

### 2 डेयरियो और 3 अन्य दुकानों पर कार्यवाही

**शाजापुर, 26 फरवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर के मार्गदर्शन में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा के संयुक्त दल द्वारा औचक निरीक्षण कर कार्यवाही की गई. जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के दल द्वारा गत दिवस की गई कार्यवाही में शुजालपुर एवं कालापीपल क्षेत्र की धाकड़ डेरी जामनेर से भैंस का दूध एवं परमार मिल्क सेंटर चारखेड़ी से मिश्रित दूध के नमूने तथा नांदनी की 2 किराना दुकान चौहान किराना और अशोक किराना से 6 विभिन्न खाद्य सामग्री मलाई कुल्फी, लालमिर्च पाउडर, मैदा, पोहा, बासमती चावल तथा गरम मसाला एवं श्री श्याम ढाबा कालापीपल से बेसन और मक्का का आटा के सैंपल संग्रहित कर 12 नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए है. जांच रिपोर्ट एवं विवेचना के आधार पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी.

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च

**सोयतकलां, 26 फरवरी.** रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 07 फरवरी से प्रारंभ होकर अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित की गई है. जिले के कृषकों से अनुरोध है कि जिन किसानों द्वारा अभी तक वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु पंजीयन नहीं कराया गया है, वे निर्धारित अंतिम तिथि 7 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन करा लें. पंजीयन अवधि में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी. जिले के कृषक अपना पंजीयन, निर्धारित पंजीयन केन्द्र सहकारी समितियां एवं सहकारी विपणन संस्थाएं, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, निजी साइबर कैफे एवं किसान एप के माध्यम से करवा सकते है.

### जनगणना 2027 के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

**शाजापुर, 26 फरवरी.** जनगणना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसनएन महाविद्यालय शाजापुर में शाजापुर तहसील के पटवारी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक को प्रशिक्षण दिया गया. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने उक्त प्रशिक्षण का निरीक्षण किया. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्रशिक्षण को गंभीरता से समझें और प्रशिक्षण के सभी पहलुओं को समझकर जनगणना 2027 के कार्यों का निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें एवं कोई भी भवनए घरए संरचना आदि गणना करने से छूटे नहीं. साथ ही कलेक्टर सुश्री बाफना ने उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों जैसे नजरी नक्शा बनाने, भवनों की गणना करने, ब्लॉक बनाने, जनगणना का उद्देश्य, नजरी नक्शा को ऑनलाइन बनाने आदि के बारे में जानकारी दी. कलेक्टर ने सभी पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में आमजनों को जनगणना 2027 के बारे में बताये कि फील्ड अधिकारियों को सही जानकारियां देंने में घबराएं नहीं, जनगणना कार्य के दौरान नागरिकगण अपनी सही-सही जानकारी फील्ड अधिकारी को दें. इस कार्य से किसी भी व्यक्ति का नाम शासकीय योजनाओं से नहीं काटा जायेगा, इसलिये सही जानकारी देने में संकोच नहीं करें, उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 कार्य सही डाटा एकत्रित करने व योजनाओं को बनाने के लिए किया जा रहा हैं. प्रशिक्षण चार्ज अधिकारी व तहसीलदार सुनील पाटिल एवं मास्टर ट्रेनर डॉ.वीपी मीणा द्वारा दिया गया.

# उत्साह-आनंद के साथ तीर्थ धाम के शिखर पर लहराई धर्म ध्वजा

## श्री सिद्धाचल वीरमणि महातीर्थ धाम तृतीय धर्म ध्वजारोहण महोत्सव में बड़ी संख्या में पहुंचे समाजजन

**शाजापुर, 26 फरवरी. धार्मिक गरबा नृत्य करती महिला मंडल, माथे पर धर्म ध्वजा धारण किए पैदल चलते लाभार्थी परिजनों सहित समाजजनों का समूह जब जय-जय श्री आदिनाथ के गगनभेदी जयकारों के साथ नगर की अनमोल धार्मिक धरोहर श्री सिद्धाचल वीरमणि तीर्थ धाम के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण करने चल समारोह के रूप में नगर की सड़कों से निकला, तो संपूर्ण वातावरण जैनम जयति शासनम् के भाव में सराबोर हो उठा**



तीर्थ धाम सेवा समिति प्रमुख मंगल नाहर ने बताया कि परम उपकारी - सिद्ध वचनधारी परम पूज्य जैनाचार्य श्रीमद्विजय वीररत्न सुरीश्वरजी महाराजा की शुभ प्रेरणा व आशीर्वाद से साल 2023 में निर्मित श्री सिद्धाचल वीरमणि महातीर्थ धाम के तीसरे ध्वजा महोत्सव के अंतर्गत सर्वप्रथम सुबह 9 बजे चौबीस जिनालय धाम ओसवाल सेरी से विशाल चल समारोह नगर में निकाला गया, जो आजाद चौक, टॉकीज चौराहा, नई सड़क, फव्वारा चौराहा तथा बस स्टैंड होते हुए जीवाजी क्लब पहुंचकर सम्पन्न हुआ. यहां से समाजजन बस के माध्यम से मुख्य आयोजन स्थल लालघाटी स्थित श्री सिद्धाचल वीरमणि महातीर्थ धाम पहुंचे. जहां सत्तर भेदी महापूजा के साथ ध्वजारोहण व संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजक लाभार्थी परिवार - श्रीमती हंसा - राजेंद्रकुमारजी एवं अजय की पुण्य स्मृति में संजय जैन बुरड़ परिवार (दिल्ली वाले) के द्वारा धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ शुभ मुहूर्त में तीर्थ धाम के शिखर पर धर्म ध्वजा लहराई गई. तत्पश्चात तीर्थ धाम ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र नारेलिया, उपाध्यक्ष सुनील नाहर, माणकचन्द तिलगोता, सचिव मनोज गोलछा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद भंसाली द्वारा लाभार्थी परिवारजनों का शॉल-श्रीफल भेंटकर एवं माला पहनाकर आत्मीय बहुमान किया गया. संचालन सौरभ नारेलिया ने किया. आभार मंगल नाहर ने माना.





### लगातार तीसरे वर्ष लाभार्थी परिवार का आयोजन

अपने निर्माण के साथ ही शाजापुर नगर के वास्तु को बदलने वाले जन-जन की आस्था के केंद्र लालघाटी स्थित जैन तीर्थ की सौगात नगरवासियों को पूज्य गुरुदेव श्रीमद्विजय वीररत्न सुरीश्वरजी महाराजा की परम कृपा से वर्ष 2023 में एक ऐतिहासिक और अद्भुत यश गाथा के साथ प्राप्त हुई थी. इस कालखंड में घटित अविस्मरणीय/अलौकिक घटनाक्रम के अंतर्गत प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान न्याय के मंदिर में हई सत्य और धर्म की विजय का प्रमाण अब मंदिर के शिखर पर निरंतर लहरा रही धर्म ध्वजा स्वयं अनादिकाल के लिए प्रस्तुत कर रही है, जिसके क्रम में ही गुरुवार को परम पूज्य आचार्य श्रीमद् पद्मभूषण विजयजी एवं पूज्य पन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्न विजयजी मसा के शुभ आशीर्वाद से प्राप्त शुभ मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर तीसरी बार लाभार्थी परिजनों द्वारा धर्म ध्वजा लहराई गई.

# मृत जानवरों के फिर मिले अवशेष, तेंदुए के भय से उड़ी ग्रामीणों की नींद

## ग्रामीणों का आरोप वन विभाग बरत रहा लापरवाही

**शाजापुर, 26 फरवरी. पिछले दो माह से जिले के सलसलाई व आसपास के ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है, कारण गांव में तेंदुए की मौजूदगी जो समय.समय पर शिकार कर रहा है, गुरूवार को भी सलसलाई के जंगल में हिरणों के ताजे कंकाल मिलने से ग्रामीण भयभीत हो गए.**

यह क्षेत्र में जंगली जानवर द्वारा शिकार की चौथी से पांचवी घटना है, ग्रामीणों का दावा है कि इलाके में तेंदुआ घूम रहा हैए जिसकी सूचना पहले भी वन विभाग को दी जा चुकी है, ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनके अनुसार विभाग की टीम ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जबकि ग्रामीणों ने तेंदुआ देखने का दावा भी किया था. ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग ने जल्द ही पिंजरा लगाकर जंगली जानवर को पकड़ने का आश्वासन दिया था, लेकिन इस दिशा में भी कोई कार्रवाई नहीं हुई और गुरुवार को एक और हिरण जंगली जानवर का शिकार बन गया. ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द कार्रवाई कर जंगली जानवर को पकड़ने की मांग की है ताकि उनकी जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके, भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष हेमंत मेवाड़ा ने बताया कि सलसलाई क्षेत्र के किसानों ने उन्हें इस बारे में जानकारी दी थी. मेवाड़ा ने वन विभाग की टीम को सूचित किया और आरोप लगाया कि विभाग लापरवाही से काम कर रहा है, उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में लगातार जंगली जानवर द्वारा पशुओं और हिरणों का शिकार किया जा रहा है.



**कई लोगों ने देखा तेंदुआ, विभाग नहीं कर रहा भरोसा**

सलसलाई के जंगल में कई दिनों से तेंदुआ घूम रहा हैए जिसे कई ग्रामीणों ने देखा भी है, कुछ दिनों पहले ग्रामीणों ने एक वीडियो भी वायरल किया था जिसमें से तेंदुआ नदी में से निकलता दिखाई दिया था, तब भी विभाग ने आश्वासन देकर मामले से पल्ला झाड़ लिया. हर बार अधिकारी लकड़बग्घा या कुत्ते द्वारा हिरणों का शिकार करना बताया जा रहा है. जबकि ग्रामीणों का दावा है कि यहां तेंदुआ है जो कभी भी हमारे लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है.

# हर्बल गुलाल, पूजन सामग्री, गुलेरिया, मसाले, पापड़ के लगे स्टॉल

## आजीविका होली मेले का कलेक्टर ने किया उद्घाटन

**शाजापुर, 26 फरवरी. कलेक्टर ऋजु बाफ्ना ने मां राज राजेश्वरी मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय होली मेले का शुभारंभ फीता काटकर किया. इस दौरान कलेक्टर सुश्री बाफ्ना ने मेले में समूह सदस्यों की दीदीयों द्वारा लगाए गये सभी स्टाल का अवलोकन किया. साथ ही उन्होंने स्वसहायता समूह के सदस्यों से उनके द्वारा निर्मित किये जाने वाली विभिन्न सामग्रियों की लागत एवं निर्माण की प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी ली. उन्होंने बताया कि मेले का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के कौशल को पहचान दिलाना तथा उनके उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है.**

होली मेले में विकासखंड के विभिन्न स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल, पूजन सामग्री, गुलेरिया, मसाले, पापड, पशु आहार, खाद्य सामग्री एवं अन्य घरेलू उत्पादों के 15 स्टॉल लगाए गए है. इस दौरान स्वसहायता समूह के सदस्यों ने कलेक्टर से आगामी चेत्र नवरात्रि पर मां राजराजेश्वरी प्रांगण में लगने वाले मेले में स्वसहायता समूहों के स्टाल लगाने के लिए स्थान प्रदान करने का निवेदन किया. इस पर कलेक्टर सुश्री बाफ्ना ने संबंधित अधिकारियों को स्वसहायता समूहों को स्टॉल लगाने के लिए स्थान प्रदान करने के निर्देश दिए. उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व.सहायता समूहों के सदस्यों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर 26 एवं 27 फरवरी को होली मेले का आयोजन उक्त स्थल पर प्रात:11 से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है.इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे, डिप्टी कलेक्टर सह जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम श्रीमती अंकिता पाटकर, आशीष नागर, गोविन्द नायक, नगरपालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



# आजीविका होली मेले में दिखी वोकल फॉर लोकल की झलक

## समूहों से जुड़कर महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बन रही हैं

**सोयतकलां, 26 फरवरी. आजीविका भवन परिसर में आयोजित आजीविका होली मेले का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा समूह की महिलाओं के साथ फूलों की होली खेलकर किया गया. यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ फीता काटकर किया गया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्ना बाई चौहान, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, श्रीमती आभा चौपड़ा, भरत प्रजापत एवं पंचायत सदस्य मुकेश केलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. मेले में समूह महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु विभिन्न स्टॉल लगाए गए. इनमें प्रमुख रूप से गोबर से निर्मित गुलरिया एवं कंडे, कच्ची घानी तेल, हर्बल गुलाल, गुजिया एवं अन्य खाद्य सामग्री, मावा एवं घी, टेराकोटा उत्पाद, बैग आदि उत्पाद शामिल रहे. साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा भी अपने-अपने स्टॉल लगाए गए.अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना द्वारा किया गया. इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आजीविका मिशन का अमला एवं बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं.

### आर्थिक रूप से मजबूत हो रही महिलाएं...

कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की सशक्त कड़ी हैं. समूहों से जुड़कर महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि सामाजिक रूप से भी सशक्त बन रही हैं. उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है. वोकल फॉर लोकल की भावना को आत्मसात करते हुए महिलाएं अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन पर विशेष ध्यान दें, ताकि उनके उत्पाद जिले से बाहर भी पहचान बना सकें. उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे नवाचार अपनाएं, डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाएं. जिलाध्यक्ष मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि समूह से जुड़ने के पश्चात महिलाओं में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है. प्रधानमंत्रीजी के वोकल फॉर लोकल अभियान की झलक इस मेले में देखने को मिली.

# योगेंद्र सिंह बने जिलाध्यक्ष



**शाजापुर, 26 फरवरी.** अखिल भारतीय सनातन परिषद के उज्जैन संभाग अध्यक्ष योगी महावीर नाथ जी ने नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्रसिंह बंटी बना को परिषद का शाजापुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है, परिषद द्वारा श्री सिंह को परिषद् के सभी कार्यों का निर्वहन पूर्ण लगन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करने एवं संस्था को विकास के पथ पर ले जाने हेतु विश्वास जताते हुए यह नियुक्ति प्रदान की है, श्री सिंह के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर ईष्ट मित्रों व परिषद पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

## एक नजर में

### वीबीजी रामजी एक्ट 2025 के प्रचार-प्रसार को लेकर हुई चर्चा

# जिला पंचायत में आयोजित हुआ जिला स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम

**सोयतकलां, 26 फरवरी. शासन के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला पंचायत के सभागार में मनरेगा के परिवर्तित स्वरूप वीबीजी रामजी एक्ट 2025 के प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्ना बाई यादव द्वारा की गई.**




कार्यक्रम में पीओ मनरेगा डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने वीबीजी रामजी एक्ट 2025 के उद्देश्य, प्रमुख विशेषताओं एवं योजना से संबंधित भ्रांतियों और तथ्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि नए एक्ट के तहत अब 100 दिवस के स्थान पर 125 दिवस की रोजगार गारंटी प्रदान की जाएगी. साथ ही बेरोजगारी भत्ता सीधे हितग्राहियों के बैंक खाते में पहुंचेगा एवं मजदूरी का भुगतान समयसीमा में सुनिश्चित किया जाएगा. उन्होंने यह भी बताया कि संशोधित प्रावधानों के अंतर्गत जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना एवं आजीविका आधारित परिसंपत्तियों का निर्माण संभव होगा, जिससे ग्राम पंचायतें सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने में सक्षम बनेंगी.

### पीपीटी के माध्यम से दी जानकारी...

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा नवीन एक्ट के संबंध में रखी गई शंकाओं का समाधान किया गया. राज्य स्तर से प्राप्त पीपीटी एवं वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. संचालन डीसी एसबीएम पवन कुमार स्वर्णकार ने किया. आभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आगर ने किया. इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल मकवाना, विभिन्न जनपदों से आए जॉबकार्डधारी ग्रामीणजन, सरपंचगण, जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में सहभागी उपस्थित रहे.

### जी राम जी पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन

**शाजापुर, 26 फरवरी,** जिला पंचायत शाजापुर में सामान्य सभा की बैठक में विकसित भारत जी राम जी एक्ट 2025 के बारे में राज्य स्तर से प्राप्त फिल्म का प्रदर्शन किया गया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसोदिया,जिला पंचायत उपाध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह खेजड़िया, जिला पंचायत सदस्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे. इस दौरान जिला पंचायत शाजापुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अनुपमा चौहान द्वारा योजना के बारे में सभी पंचायतराज पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों एवं जिले के सभी विभाग प्रमुखों को जानकारी प्रदान की गई. साथ ही विकसित भारत जी राम जी के संक्षिप्त जानकारी के पम्पलेट भी वितरित किए गए.